सत्यमेव जयते

न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 82/2021 दायर दिनॉंक 15.04.2021

वादी		प्रतिवादीगण
1. बजरंगलाल पुत्र भागुराम जाति मेघवाल निवासी नूंवा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. तहसीलदार, डीडवाना जिला नागौर, राजस्थान वगैरह।

दावा बाबत्

रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 L.R. Act.

उपस्थितः–

1. श्री मो. अली शैरानी वकील वादी

दिनॉंक 04.08.2021

–:: निर्णय ::–

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि खेत खसरा नम्बर 482 रकबा 0.49 हैक्ट. वाके सरहद नूंवा पटवार क्षैत्र नूवं भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र नूवां में अवस्थित है।

यह है कि वादी के खेत में वर्तमान में आये सेटलमेन्ट अधिकारीयों ने वादी के खेत में बिना किसी अधिकार क्षैत्र के वादी के खेत खसरा नम्बर 482 के पूर्व–पश्चिम सींव को दक्षिण दिशा में मार्क ए से बी एक ढ़ाणी पर लाकर डाल दिया, जिससे वादी के खेत खसरा नम्बर 482 के लगने वाले आम रास्ता जो नूंवा से सरदारपुरा बन्द हो गया है। जबकि वास्तविक रूप से वादी के खेत के पूर्व दिशा में कोई ढ़ाणी वगैराह नही है तथा वादी के खेत के चिपता ही नूंवा से सरदारपुरा जाने वाला आम रास्ता लगता है। सेटलमेन्ट अधिकारीयों ने बिना किसी अधिकार क्षैत्र के वर्तमान सेटलमेन्ट में खसरा नम्बर 482 रकबा 0.49 हैक्टेयर पूर्व दिशा में ढाणी दर्ज कर दिया, जबकि उक्त भूमि काश्त की है, नजरी नक्शा में वादी के खेत में लगने वाला रास्ता भी बन्द कर दिया है।

यह है कि उक्त भूमि रिकॉर्ड से रास्ता हटा दिये जाने से वादी को अपने खेत में आने–जाने में भारी परिशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थना वादी इस प्रकार है –

यह है कि खेत खसरा नम्बर 482 रकबा 0.49 हैक्टे. वाके सरहद नूंवा की पूर्वी सींव उत्तरी दक्षिण पूर्व दिशा की ओर जो ढ़ाणी गई है, उसको राजस्व ट्रेस नक्शा से सरदारपुरा जाने वाले रास्ते पर डाली जावें तथा इसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। साक्ष्य वादी में वादी बजरंगलाल ने शपथ पत्र पेश किया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.01.19 14:59:41 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

वकील वादी को सुना गया। रेकर्ड का अवलोकन किया। ट्रेस नक्शे के अनुसार ट्रेस नक्शे में निचे दर्शाते हुए वादी के खेत की पूर्वी सिंव को नूंवा से सरदारपुरा जाने वाले रास्ते पर डाला जाना उचित प्रतीत होता है। अतः वादी का वाद डिक्री सादिर किया जाता है।

अतः, बाद विवेचन, वाद वादी, निम्न आदेशानुसार डिक्री सादिर किया जाता है।

आदेश

अतः हस्ब दावा डिक्री कर वाके सरहद नूंवा के खसरा सं0 482 रकबा 0.49 हैक्ट. में ट्रेस नक्शे के अनुसार ट्रेस नक्शे में निचे दर्शाते हुए वादी के खेत की पूर्वी सिंव को नूंवा से सरदारपुरा जाने वाले रास्ते पर डाला जावें। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक **04.08.2021** को सरे ईजलास में सुनाया गया।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.01.19 14:59:41 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः– सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : **श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **82/2021** दायर दिनाँक **15.04.2021**

वादी		प्रतिवादीगण
1. बजरंगलाल पुत्र भागुराम जाति मेघवाल निवासी नूंवा, तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. तहसीलदार, डीडवाना जिला नागौर, राजस्थान वगैरह।

दावा बाबत्
रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 L.R. Act.

दिनाँक **04.08.2021**

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री मो. अली शैरानी वकील वादी की ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, हस्ब दावा डिक्री कर वाके सरहद नूंवा के खसरा सं0 482 रकबा 0.49 हैक्ट. में ट्रेस नक्शे के अनुसार ट्रेस नक्शे में निचे दर्शाते हुए वादी के खेत की पूर्वी सिंव को नूंवा से सरदारपुरा जाने वाले रास्ते पर डाला जावें। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त हो। डिक्री जारी हो।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत.....................–............ ....खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........–......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख **04.08.2021** को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना

(मुहर: सहायक कलक्टर डीडवाना (नागौर))

मुद्दई	रूपया	पैसे	मुदायलह	रूपया	पैसे
स्टाम्प अर्जीदावा स्टाम्प वकालतनामा स्टाम्प वजह सबूत महनताना वकील खर्चा गवाहान फिस कमिश्नर बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक	– –		स्टाम्प वकालतनामा स्टाम्प अर्जी महनताना वकील खर्चा गवाहान फिस कमिश्नर बाबत इजराय हुक्मनामा मुतफर्रिक		
मिजान			मिजान		

नोटः–इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा ... डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.01.19 14:59:41 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
डीडवाना

(मुहर: सहायक कलक्टर डीडवाना (नागौर))

Scanned by CamScanner